## एक नजर में

### क्रमोन्नति वेतनमान का आदेश, शिक्षक संघ की बड़ी जीत

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश के शिक्षक जिला शाखा मंदसौर के जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा, कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर और जिला सचिव भरतलाल पोपंडिया ने बताया कि संवर्ग के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित खुशखबरी सामने आई है। शासन द्वारा सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस फैसले से मंदसौर जिले के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री श्री राकेश गुप्ता और प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोदकुमार पुनी एवं समस्त प्रांतीय इकाई के निरंतर एवं अथक प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। संघ लंबे समय से इस मांग को लेकर संघर्षरत था, जिसके फलस्वरूप अब शिक्षकों को इसका लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संघ पदाधिकारियों ने इसे शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

### वक्फ संपत्तियों का बकाया चंदा निगरानी जल्द से जल्द जमा करें कमेटियां..., बोले जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शाकीर हुसैन गढ़वी

**मंदसौर।** जिला वक्फ बोर्ड मन्दसौर के अध्यक्ष मोहम्मद शाकीर हुसैन गढ़वी ने जिले की समस्त अंजुमन, दरगाह और कब्रिस्तान कमेटियों के पदाधिकारियों को वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और चंदा निगरानी को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिला अध्यक्ष द्वारा दी गई आधिकारिक सूचना के अनुसार, मन्दसौर जिले की समस्त वक्फ संपत्तियां म.प्र. वक्फ बोर्ड के अधीन आती हैं, जिनका संचालन और वित्तीय देखरेख बोर्ड के नियमों के अनुसार करना अनिवार्य है। पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि कई कमेटियों और उनके पदाधिकारियों द्वारा दुकानों व अन्य संपत्तियों से प्राप्त चंदा निगरानी की राशि जिला वक्फ बोर्ड या प्रदेश बोर्ड में जमा नहीं की जा रही है। वे जल्द ही वार्षिक चंदा और पूर्व का बकाया जमा करें। जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शाकिर हुसैन गढ़वी ने जिन कमेटियों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है उन कमेटियों को तत्काल नई कार्यकारिणी का गठन करने या कार्यकाल बढ़वाने हेतु जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष से संपर्क करने को कहा गया है। वक्फ के स्वामित्व वाली कृषि भूमियों के संबंध में भी सख्त रुख अपनाते हुए गढ़वी ने कहा कि जिन कमेटियों के अधीन कृषि भूमि है या जो इसे प्राप्त करना चाहते हैं, वे म.प्र. वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार विधिवत नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण करें। इसका मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को खुर्द-बुर्द होने से बचाना और बोर्ड की आय में वृद्धि करना है। अध्यक्ष मोहम्मद शाकीर हुसैन गढ़वी ने जिले के समस्त सदर और सचिवों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की कानूनी पेचीदगी और कार्रवाई से बचने के लिए बकाया राशि तत्काल म.प्र. वक्फ बोर्ड भोपाल या मन्दसौर के नाहर सैयद रोड स्थित जिला कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें। निर्धारित समय सीमा के भीतर नियमों का पालन न करने वाली कमेटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वक्फ बोर्ड से संबंधित कोई भी कार्य होने व अधिक जानकारी के लिये जिला वक्फ बोर्ड मंदसौर के कार्यालय पर या जिलाध्यक्ष से सम्पर्क करें।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सिंगोली आगमन को लेकर अपर कलेक्टर पहुंचे सिंगोली

**सिंगोली।** दिगंबर जैन समाज द्वारा 2 से 7 अप्रैल तक पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।पंचकल्याणक महोत्सव समिति ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर उन्हें पंचकल्याणक महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजकों को सिंगोली आने की स्वीकृति प्रदान की थी। बताया जा रहा है कि 7 अप्रैल को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सिंगोली आना लगभग तय है। लोकसभा अध्यक्ष के सिंगोली आने के कार्यक्रम की सूचना मिलने पर शनिवार को अपर कलेक्टर बी एस कनेश सिंगोली पहुंचे और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजकों द्वारा बुलवाए गए हेलीकॉप्टर को उड़ाने को लेकर कनेश ने कंपनी मैनेजर को आवश्यक निर्देश दिए तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से ध्यान रखने की हिदायत दी। इस दौरान प्रभारी एसडीएम पराग जैन, प्रभारी तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना, प्रभारी राजस्व निरीक्षक बालकिशन धाकड़ एवं पटवारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा स्थापना दिवस कल, होंगे कई रंगारंग कार्यक्रम

**मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस (6 अप्रैल) को लेकर मंदसौर जिले में व्यापक स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुए सेवा, संगठन और राष्ट्र प्रथम के मूल मंत्र के साथ कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे।**



उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले के सभी मंडलों एवं बूथों पर कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। 6 अप्रैल को नवीन जिला भाजपा कार्यालय की भूमि पर भोपाल से प्रसारित कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण देखा जाएगा एवं मंदसौर जिले में भाजपा को विषम परिस्थितियों में मजबूत रखने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी भाजपा द्वारा किया जायेगा। भाजपा स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है।

**5 अप्रैल से प्रारंभ होंगे कार्यक्रम :** स्थापना दिवस के पूर्व 5 अप्रैल से ही सभी मंडल एवं कार्यालयों में विद्युत सजावट, पुष्प सज्जा, दीपमालिका एवं रंगोली के माध्यम से आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी, जो 7 अप्रैल तक जारी रहेगी। साथ ही महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं सज्जा का कार्य भी किया जाएगा।

**6 अप्रैल को प्रमुख आयोजन :** 6 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर ध्वजारोहण करेंगे तथा सोशल मीडिया के माध्यम से इस आयोजन को साझा करेंगे। प्रात: 9 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 10 बजे मंडल स्तर पर मीसाबंदियों एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। 10:30 बजे मंडल केंद्रों पर उत्सव के रूप में मिठाई वितरण किया जाएगा। प्रात: 11 बजे भाजपा के इतिहास, विचारधारा एवं विकास यात्रा पर आधारित उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। दोपहर 2 बजे 'नमो उपवन' में 47 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। शाम 7 बजे प्रत्येक बूथ पर चौपाल आयोजित कर 47 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे, जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं नागरिक सहभागिता करेंगे।

### जिला स्तर पर बनाई गई समितियां...

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने सभी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे प्रत्येक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, लाभार्थियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करें तथा स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया हैं। जिला संयोजक - विजय सुराना(जिला महामंत्री, भाजपा), जिला सह संयोजक - विनय दुबेला (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा), अर्जुन सोनी (जिला मंत्री, भाजपा), रामसिंह चौहान (जिला मंत्री, भाजपा) उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर टोली का गठन किया गया है, जो विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में समन्वय कर आयोजन को सफल बनाएगी।

### विशेष अभियान और सम्मेलन

दीक्षित ने बताया कि 8 या 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा एवं मंडल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, बुद्धिजीवियों से संवाद तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी।

### दलौदा पुलिस की कार्रवाई *IPL* मैच पर सट्टा लगाते दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के थाना दलौदा पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी व अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल एवं एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शुभम व्यास के नेतृत्व में दलौदा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली-मुंबई आईपीएल मैच पर सट्टा लगा रहे दो सटोरियों को पकड़ा।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9,200 रुपये नगद, 2 मोबाइल फोन एवं लगभग 1.50 लाख रुपये का सट्टा हिसाब जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ईश्वर पिता रामेश्वर एवं मुकेश पिता गोपाल परिहार निवासी दलौदा शामिल हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में सउनि तेज सिंह डामोर, प्रधान आरक्षक मुकेश सिंह, आरक्षक सागर, नारायण एवं सुनील यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध शराब-कार जब्त, एक पकड़ाया

**मंदसौर। पुलिस थाना शामगढ़ ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 41.28 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 23,760 रुपये कीमत की शराब एवं 7 लाख रुपये कीमत की मारुति सुजुकी डिजायर कार जब्त की है।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय की टीम ने मुखबिर सूचना पर छायन-टकरावद रोड स्थित रिलेक्स पॉइंट ढाबे के पास घेराबंदी कर आरोपी बबलुसिंह (29) निवासी ग्राम छायन को पकड़ा।

तलाशी के दौरान कार से किंगफिशर बीयर की 2 पेटियां एवं रॉयल स्टेग व्हिस्की की 2 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी




एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप डांगी, प्रधान आरक्षक प्रदीप पानेरी, आरक्षक प्रेम रावत सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**एक नजर** | विहिप ने प्रथम पूज्य श्री गणेश और बालाजी महाराज को दिया निमंत्रण पत्र

## मंदसौर में 13 अप्रैल को संतों का समागम, हिन्दू परिषद करेगा आयोजन

**मंदसौर।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) मंदसौर विभाग द्वारा 13 अप्रैल को एक भव्य 'मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। विश्व कल्याण की भावना और भारत माता को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने के संकल्प के साथ आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शहर के महू-नीमच रोड स्थित पीजी कॉलेज प्रांगण के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम की सफलता और निर्विघ्न संपन्नता हेतु आयोजन समिति द्वारा 4 अप्रैल को प्रथम पूज्य भगवान श्री द्विमुखी श्री चिन्ताहरण गणेश जी एवं श्री इच्छापूर्ण बालाजी महाराज के चरणों में निमंत्रण पत्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।



इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को अधिक सबल, समरस और जागरूक बनाना है। निमंत्रण पत्र के अनुसार, वर्तमान समय में सनातन धर्म के मान बिंदुओं की सुरक्षा और विधर्मियों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न षड्यंत्रों के विरुद्ध चिंतन करने की महती आवश्यकता है, जिस पर इस सम्मेलन में विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय श्री आलोक कुमार का पाथेय व मार्गदर्शन समस्त उपस्थित जनों को प्राप्त होगा। सम्मेलन के पश्चात सभी के लिए सहभोज का भी आयोजन रखा गया है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मंडलोई, जिला मंत्री हेमन्त बुलचन्दानी, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, मंदिर अर्चक पुरोहित संयोजक प्रियांश राजपुरोहित एवं नगर मंत्री गौरव शर्मा ने संयुक्त रूप से जिले के समस्त मंदिर अर्चकों, पुजारियों और पुरोहितों से इस सम्मेलन में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

पदाधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार भारत माता के गले में पुष्पों की माला अनिवार्य है, उसी प्रकार इस वैचारिक मंथन में जिले के समस्त पूज्य संतों और पुरोहितों की उपस्थिति अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण है। आयोजन समिति इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के धार्मिक नेतृत्व को एकजुट कर धर्म रक्षा के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने के प्रति प्रयासरत है।

# नीमच

## एक नजर में

### कांग्रेस में राकेश जावरिया को बड़ी जिम्मेदारी, अजा विभाग के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**नीमच।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व ने मध्य प्रदेश में संगठन को मजबूती देने के लिए बड़ी नियुक्तियां की हैं। कांग्रेस अजा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, जिला प्रभारी हीरालाल परमार की अनुशंसा पर नीमच से सक्रिय कार्यकर्ता राकेश जावरिया को अजा विभाग, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जारी की सूची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अजा विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, राकेश जावरिया की यह नियुक्ति एडहॉक (तदर्थ) आधार पर की गई है। अगले तीन महीनों तक उनके संगठनात्मक कार्यों और प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी, जिसके आधार पर उन्हें स्थायी नियुक्ति दी जाएगी।क्षेत्र में हर्ष की लहर है।राकेश जावरिया की इस नियुक्ति से नीमच के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में भारी उत्साह है। पार्टी नेतृत्व ने जावरिया की सक्रियता और जमीन से जुड़े होने के कारण उन पर भरोसा जताया है। समर्थकों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से आगामी समय में अजा वर्ग और कांग्रेस संगठन को जिले में नई ऊर्जा का संचार होगा।



### मंशापूर्ण महादेव रणजीत हनुमान मंदिर में हनुमंत जन्मोत्सव पर किया यज्ञ

**नीमच।** हनुमंत प्राकट्य उत्सव के पावन उपलक्ष में महायज्ञ का आयोजन वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ बालाजी मंदिर परिसर में हुआ।इंदिरा नगर स्थित मंशापूर्ण महादेव रणजीत हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ दो दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया गया। मनीष चौधरी ने बताया कि 1अप्रैल सुबह 9 बजे अखंड रामायण पाठ की स्थापना के साथ हुई जो 2 अप्रैल की सुबह तक निरंतर चलता रहा।2 अप्रैल को ब्रहह मुहूर्त में रणजीत हनुमान बालाजी महाराज का दिव्य अभिषेक किया गया। इस पावन अभिषेक के पश्चात बालाजी महाराज की प्रतिमा में अद्भुत तेज, अलौकिक आभा एवं दिव्य चमक का संचार हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो प्रतिमा में नई ऊर्जा और शक्ति का संचार हो गया हो।



अभिषेक के पश्चात सभी भक्तों ने जोरदार जयकारों के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके पश्चात आरती की गई एवं हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। फिर प्रभात फेरी रामधुन का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र की माताएं, बहनें, बच्चे एवं पुरुष वर्ग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत एस.के. सोनी द्वारा ध्वज पूजन से हुई। इसके बाद बालाजी महाराज एवं भगवान श्रीराम के भजनों पर झूमते हुए पूरे इंदिरा नगर क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। उसी दिन प्रात: 10 बजे यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें दो यज्ञ कुंड बनाए गए। अनेक श्रद्धालु जोड़ों सहित बैठकर यज्ञ में सम्मिलित हुए। यह समस्त धार्मिक अनुष्ठान पंडित देवीलाल जी शर्मा (नीलकंठ महादेव) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए, हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल की रात्रि 8 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

## भाजपा के नए 'हाईटेक' जिला कार्यालय का भूमिपूजन कल

**नीमच। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस (6 अप्रैल) के अवसर पर नीमच भाजपा को नए हाईटेक जिला कार्यालय की सौगात मिलने जा रही है। आगामी 6 अप्रैल 2026, सोमवार को प्रात: 10 बजे, बंगला नं. 60 (पुरानी नगरपालिका) में नवीन जिला कार्यालय का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित होगा।**



भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम 'टू-वे लिंक' (वर्चुअल) माध्यम से संपन्न होगा।

प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा अपने गौरवशाली 47 वर्ष पूर्ण कर 48वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर नीमच सहित प्रदेश के 16 अन्य जिलों आगर, सीहोर, सीधी, अशोकनगर, अनूपपुर, ग्वालियर, निवाडी, छिंदवाडा, पांढुरना, मउगंज, मैहर, भिण्ड, धार ग्रामीण, बुरहानपुर (कार्यारंभ), मंदसौर (कार्यारंभ), रतलाम (कार्यारंभ) में भी नवीन कार्यालयों का भूमिपूजन किया जा रहा है। ये नए कार्यालय न केवल विशाल मीटिंग हॉल, बल्कि आधुनिक डिजिटल सुविधाओं और अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे, जिससे संगठन के कार्यों में और अधिक गति आएगी। परिहार ने बताया कि 6 अप्रैल को प्रात: 10.30 बजे - स्थानीय जिला स्तर पर एकत्रीकरण, प्रात: 11 से 11.30 बजे - स्थानीय जिले में वक्ताओं के उद्बोधन, प्रात: 11.30 बजे - भोपाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोडकर लाईव कार्यक्रम आरंभ, प्रात: 11.30 बजे - अतिथि आगमन एवं ध्वजारोहण, प्रात: 11.35 से 11.40 बजे - वरिश्ठजन सम्मान, प्रात: 11.40 से 11.50 बजे - दीप प्रज्वलन व वन्दे मातरम् एवं स्वागत, प्रात: 11.50 से 12.30 बजे - अतिथि उद्बोधन एवं डॉक्यूमेन्ट्री, दोप. 12.30 बजे - स्वस्ति वाचन एवं सभी जिलों में भूमिपूजन प्रारंभ होगा। श्री परिहार ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकताओं सहित आमजन से भी कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कार्यकर्ताओं का सपना जल्द होगा साकार

नवीन कार्यालय निर्माण के भूमिपूजन से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं का वर्षों पुराना सपना जल्द साकार होगा। इससे जिला स्तर पर संगठन की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा कार्यकर्ताओं को बैठक व अन्य सांगठनिक गतिविधियों के लिए एक व्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन (सीए), संभाग प्रभारी सुरेश आर्य और सांसद सुधीर गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही, विधायक दिलीपसिंह परिहार, जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना नारायण खण्डेलवाल, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू और जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में यह अनुष्ठान पूर्ण होगा।

## बोरे खरीदने जवासा गया किसान अचानक बेसुध होकर गिरा, मौत

**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र के जवासा चौराहे पर किसान की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक को मौत का कारण माना जा रहा है। मृतक के परिवार में पत्नी एक बेटा और एक बेटी हैं।

जानकारी के अनुसार, अरनिया मानगिर निवासी देवीलाल (45) पिता हीरालाल नायक शुक्रवार को सुखले के बोरे खरीदने जवासा आए थे। इसी दौरान उन्हें अचानक घबराहट महसूस हुई। वह पास के एक निजी क्लिनिक पर डॉक्टर को दिखाने पहुंचे, लेकिन क्लिनिक के बाहर ही उनके सीने में तेज दर्द उठा और वे बेसुध होकर गिर पड़े। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटनास्थल के ठीक सामने स्थित जवासा पुलिस चौकी के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने बिना देरी किए देवीलाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए



रखवाया गया। सिटी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला साइलेंट अटैक का प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के सटीक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। आज शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। जवासा चौकी प्रभारी असलम पठान ने पुष्टि की कि मृतक की पहचान अरनिया मानगिर निवासी देवीलाल नायक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

**एक नजर** | समाज के विकास पर होगा विचार-विमर्श, कार्यक्रमों को लेकर भी बनेगी रूपरेखा

## खंडेलवाल वैश्य समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**नीमच।** संत सुंदरदास खंडेलवाल वैश्य समाज विकास समिति (रजि.) 2026-28 की नवीन कार्यकारिणी का गठन। समाज के निवृत्तमान अध्यक्ष मधुसुदन जी दुसाद कि सहमति से नवीन अध्यक्ष राजेश लाभी द्वारा अपनी नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे सलाहकार मंडल में सभी पुर्व अध्यक्षगण रामस्वरूप जी दुसाद, राजेंद्र जी कुलवाल, संतोष जी कुलवाल, ओमप्रकाश जी दुसाद, रमेश जी दुसाद, वरुण जी दुसाद को नियुक्त किया गया है।वही संरक्षक मधुसुदन जी दुसाद (निवृत्तमान अध्यक्ष) की सहमति से नवीन अध्यक्ष पद हेतु राजेश जी लाभी को नियुक्त किया गया है। जिसके बाद नवीन अध्यक्ष राजेश लाभी द्वारा अपनी नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे उपाध्यक्ष पद हेतु अतुल जी लाभी, तुषार जी दुसाद वही सचिव पद हेतु विश्वास जी दुसाद (बल्ला), सहसचिव अंकित जी कुलवाल, कोषाध्यक्ष- संतोष जी



पाटोदिया, प्रवक्ता केतन जी दुसाद, शुभकामना संयोजक संजय जी वैद्य को नियुक्त किया गया है। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्य हेतु अनुज जी नारायणीवाल, अभिनव जी खुटेटा, लव जी कुलवाल, राकेश जी लाभी, सुनील जी दुसाद, निलेश जी गुप्ता, नितिन जी लाभी, सौरभ जी लाभी (चिंटू), श्रीकांत जी दुसाद, विष्णु जी दुसाद, सौरभ जी लाभी की नियुक्ति की गई है। युवा टीम में रवि जी दुसाद, कार्तिक जी खुटेटा, वैभव जी दुसाद, अंशुल जी लाभी, अनमोल जी कुलवाल चयनित किया गया है।

इस दौरान अध्यक्ष राजेश लाभी व सचिव विश्वास जी दुसाद (बल्ला) ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि— 'समाज ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाई जाएगी। नवीन कार्यकारिणी समाज हित में कार्य करते हुवे आगामी आयोजनों की रूप रेखा तय करने हेतु समय - समय पर बैठकों का आयोजन कर समाज के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने समाज के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सभी को साथ लेकर चलने का संकल्प भी दोहराया।